सार-समाचार

ब्रांडों के नाम का नकली घी जब्त

उदयपुर, (कासं)। बुधवार को उदयपुर पुलिस की जिला स्पेशल टास्क फोर्स की सूचना पर रसद विभाग ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए शहर की कृषि मंडी की एक दुकान से मिल्क फूड और नोवा जैसे प्रतिष्ठित ब्रांडों के नाम का नकली घी बड़ी मात्रा में ज़ब्त किया गया।खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि जिला स्पेशल टास्क फोर्स से सूचना प्राप्त हुई थी कि शहर की कृषि मंडी में भाई भगवान एंड कंपनी और मेसर्स ख्याली लाल पन्नालाल नामक दुकान पर नोवा और मिल्क फूड नामक कंपनियों के नाम के डिब्बे में नकली घी भरकर तैयार किया जा रहा है। पुलिस की इस सूचना पर टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर छापेमारी की गई जिसके दौरान दोनों ही दुकानों के तीसरी मंजिल पर टीम को बड़ी संख्या में नोवा और मिल्क फूड के खाली डब्बे साथ ही कुछ भरे हुए डब्बे भी बरामद हुए। छापेमारी के दौरान 1 लीटर और 15 लीटर के घी के कुछ पाउच बरामद हुए हैं साथ ही घी और तेल भी बरामद किया गया है जिनको साथ में मिक्स करके यह घी तैयार किया जा रहा था।फूड इंस्पेक्टर गुप्ता ने बताया कि बचे हुए माल को नष्ट किया जाएगा साथ ही पकड़े गए माल की सैंपलिंग की गई है और इसे जांच के लिए लैब में भेजा जाएगाए तो वही दोनों ही प्रतिष्ठित ब्रांड के प्रतिनिधियों से बात कर ली गई है जिसमें से दोनों ही कंपनी के प्रतिनिधियों ने यह माल उनका होने से इनकार किया है।उन्होंने बताया कि पकड़े गए लोगों के खिलाफ बीएनएस की धाराओं के तहत पुलिस द्वारा कार्रवाई की जाएगी तो वहीं रसद विभाग द्वारा फूड स्टैंडर्ड एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा की त्यौहारों के दौरान इस तरीके से बड़ी संख्या में नकली घी का पाया जाना अपने आप में एक चिंताजनक घटना है और लोगों की सेहत के लिए भी हानिकारक है। इस तरीके से केमिकल द्वारा तैयार किए गए नकली घी के सेवन से सेहत पर काफी बुरा असर पड़ सकता है।

महारैली व सभा आज

डूंगरपुर, (निसं)। पटेल पाटीदार डांगी समाज की आज महारैली व विशाल सभा आयोजित होगी। दक्षिणी राजस्थान के डूंगरपुरए सलूम्बर, उदयपुर, बांसवाडा, प्रतापगढ सहित कई जलिों के समाज जन इस महारैली में भाग लेंगे। महारैली को लेकर श्री राष्ट्रीय सरदार पटेल सेना के कार्यकर्ताओं ने समाज के गांव-गांव जाकर निमंत्रण दिया हैं। व्कार्यक्रम को लेकर भव्य स्तर पर तैयारी की गई हैं। पूरा पटेल पाटीदार डांगी समाज एक मंच एक साथ दिखाई देगा। तैयारी से जुडे महेंद्र डांगी धताणा व डायालाल पाटीदार नवाडेरा ने कहां व्यवस्थाओं को सुचारू कर लिया गया हैं। समाज का युवा अनुशासन के महारैली में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आव्हान किया है। कार्यक्रम में समाज के वडील पंचो के लिए अल्पाहार की भी व्यवस्था रहेगी। कवि सुनील पटेल नेजपुर ने बताया कि यह महारैली समाज के इतिहास में दर्ज होगी। महारैली पटेल पाटीदार डांगी समाज के लिए प्रमुख उत्सव सी हैं। व्यवस्थाओं को लेकर हीरालाल पटेल खीरावाडा, वीरेंद्र डांगी रठौडा, मुकेश पटेल नेजपुर, संजू नवाडेरा, लालजी इंदौडा, ताजेंग पाटीदार मसाणा, मुकेश भचडिया, नारायण धताणा, अनील भचडिया, दिलीप भचडिया, कांतिलाल पाटीदार गडमाला, दिलीप भेहणा, महेंद्र पाटीदार आसेला समेत कई युवा मौजूद रहें।

हादसे में दो बच्चों सहित चार घायल

डूंगरपुर, (निसं)। रामसागडा थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार जीप ने एक महिलाए उसके 2 बच्चों समेत 4 लोगों को टक्कर मार दी। इसके बाद जीप कुछ आगे एक केबिन से टकराकर रुक गई। ड्राइवर मौके से भाग गया। घायलों को डूंगरपुर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। रामसागडा थाना क्षेत्र में रामपुर मेवाडा रोड पर दुर्घटना की घटना हुई। रामपुर मेवाडा निवासी इंदिरा पत्नी पंकज वरहात, उसके बेटी अंजना पुत्री पंकज वरहात, बेटा अकिल पुत्र पंकज वरहात, विनोद पुत्र हाजा वरहात चारो सडक के किनारे खडे थे। उसी समय एक तेज रफ्तार जीप आई। जीप ने सडक किनारे खडे चारों को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद जीप बेकाबू होकर कुछ दूर एक केबीन से जाकर टकराकर रुक गई। ड्राइवर मौके से भाग छूटा। दुर्घटना में चारों को गंभीर चोटें आई। घटना के बाद मौके पर लोगो की भीड जमा हो गई। घायलों को 1०8 एम्बुलेंस के हरिराम ननोमा और सत्यनारायण लबाना डूंगरपुर अस्पताल लेकर आए। घायलों को आपातकालनीन सेवा वार्ड में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

धोखाधड़ी का मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। भूखण्ड बेचने का सौदा कर रजिस्ट्री अन्य को करा नकदी हडपने वाले तीन आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित पन्ना बिहार बसनत बिहार न्यू भुपालपुरा निवासी नरेश पुत्र कन्हैयालाल राजपाल ने आरोपी गोपाल सोनी, राजकुमार सोनी व विकास सोनी पुत्र श्यामलाल सोनी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि मैने दो वर्ष पूर्व आरोपियों से ब्रम्हपुरह नागानगरी स्थित जमीन खरीदने का सौदा तय किया। बदले में 21 लाख रूपये का भुगतान कर इकरार किया। कुछ समय बाद पता चला आरोपियों ने उक्त जमीन अन्य व्यक्ति को बेच दी। इसको लेकर एतराज करने पर आरोपियों ने न तो रजिस्ट्री करवाई व नकदी लौटाई।

रत्नागिरी पहाड़ी में 2.5 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास

- पर्यटन, स्वास्थ्य और अध्यात्म के संगम स्थल के रूप में विकसित हो रत्नागिरी पहाड़ी : कटारिया

उदयपुर, (कासं)। दीपावली की पूर्व संध्या पर पर्यटन सिटी उदयपुर को एक और नई सौगात मिली। पंजाब के राज्यपाल श्री गुलाबचंद कटारिया ने बुधवार को शहर के भुवाणा स्थित रत्नागिरी पहाड़ी पर उदयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से करवाए जाने वाले 2.5 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। श्री कटारिया ने कहा कि यह स्थान पर्यटन, स्वास्थ्य और अध्यात्म के संगम स्थल के रूप में विकसित होगा। उन्होंने कहा कि प्रकृति ने हमें बहुत कुछ दिया है और हमें इसे सहेजने की जरूरत है। प्रकृति का श्रृंगार करना हमार प्रमुख दायित्व है। आज उदयपुर में चारों दिशाओं में ऐसे कई क्षेत्रों का विकास हमनें किया है जहां बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचकर प्रकृति के नैसर्गिक सौंदर्य का लुत्फ उठाते है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन ने कहा कि उदयपुर में ऐसे क्षेत्रों का लगातार विकसित होना सबकी मेहनत का परिणाम है। यहां पर्यटक आता है और नई नई यादें साथ लेकर जाता है तभी विश्व पटल पर उदयपुर ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ने शहर के चहुंमुखी विकास के लिए श्री कटारिया का आभार जताया और कहा कि यहां के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की मेहनत व लगन से शहर में कई नवाचार हुए है और पर्यटन के क्षेत्र में हम लगातार आगे बढ़ रहे है।

प्रारंभ में राज्यपाल श्री कटारिया सहित अन्य अतिथियों ने शिलान्यास पट्टिका का अनावरण और भूमि पूजन कर लेकसिटी को यह सौगात दी। समारोह में संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी, यूडीए आयुक्त राहुल जैन, बडगांव प्रधान श्रीमती प्रतिभा नागदा, रवींद्र श्रीमाली, उपप्रधान प्रताप सिंह राठौड़, जिला परिषद सदस्य श्रीमती पिंकी मांडावत, सरपंच मोहनलाल सहित अन्य प्रबुद्धजन मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र सेन ने किया और अंत में आभार संभागीय आयुक्त केवलरमानी ने जताया।

राजस्व ग्राम भुवाणा स्थित रत्नागिरी पहाड़ी को एक पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से पहाड़ी के विकास, संवर्धन एवं पौधारोपण किया जाना है। यह पहाडी भुवाणा ग्राम की प्रमुख लोकेशन पर स्थित होकर प्राधिकरण के योजना क्षेत्र चित्रकुट नगर, मीरा नगर व श्याम नगर के निकट स्थित है। पहाड़ी का क्षेत्रफल 20 हेक्टयर है जो कि राजस्व रिकार्ड अनुसार 'चरनोट' दर्ज है। इसके विकास की दृष्टि से पूर्व में प्राधिकरण द्वारा बाउण्ड्रीवाल निर्माण, पार्किंग स्थल, पहुंच मार्ग व पौधारोपण कार्य सम्पादित किये गये है।

वर्तमान में रत्नागिरी पहाड़ी को पर्यटक स्थल विकसित करने के लिये विभिन्न विकास कार्य प्राधिकरण स्तर पर कराये जाने प्रस्तावित है। इनमें प्रथम चरण में पहाड़ी के सर्वाधिक ऊँचाई वाले भाग को 'व्यू पोईन्ट' हेतु विकास एवं 'व्यू पोईन्ट' तक जाने वाले विभिन्न पाथ वे जिसमें 1425 मीटर लम्बाई में स्टोन पीचिंग का पाथ वे पहाड़ी के मुख्य मार्ग से होते हुए वाया माताजी मंदिर से व्यू पोईन्ट तक, एक पाथ वे जिसकी लम्बाई 480 मीटर का भुवाणा ग्राम से व्यू पोईन्ट तक व एक पाथ वे जिसकी लम्बाई 520 मीटर आश्रम की तरफ से व्यू पोईन्ट तक बनाया जाना है। अन्य विकास कार्यों में पार्किंग विकास कार्य, प्लांटेशन को पानी पिलाने हेतु 50000 लीटर के दो टेंक निर्माण, पाईप लाईन बिछाने का कार्य, जन सुविधा विकसित करने का कार्य आदि किये जायेंगे, जिस पर अनुमानित 98.51 लाख रू. का व्यय संभावित है।

द्वितीय चरण में विभिन्न प्रकार के फूलदार पौधे कुल संख्या 17100, फलदार पौधे कुल संख्या 1000 व बड़े छायादार पौधे कुल संख्या 2500 का पौधारोपण कार्य जिस पर अनुमानित 96 लाख रूपये का व्यय संभावित है। तृतीय चरण में पर्यटकों को आकर्षित करने एवं बच्चों के मनोरंजन के लिये एडवेन्चर जोन व खेल जोन विकसित करने का कार्य, जिस पर अनुमानित 52 लाख रू. का व्यय संभावित है। इस प्रकार राशि 2.50 करोड़ रुपये की लागत से रत्नागिरी पहाड़ी को विकसित किया जायेगा।

सार-समाचार

निराश्रितों के साथ मनाई दिवाली

उदयपुर,(कासं)। दीपावली के अवसर पर एमबी अस्पताल की अस्पताल मित्र टीम ने बुधवार को चित्रकूट नगर स्थित निराश्रित गृह में जाकर दिवाली मनाई। अधीक्षक डॉ.आर एल सुमन ने बताया कि औरों को खुशी देना जीवन का एक मकसद होता है और इसी के तहत टीम ने ऐसे जरूरतमंद लोगों के बीच पहुंचकर मिठाई बांटी और सभी के सुस्वास्थ्य की कामना की। टीम इस साल अब तक ऐसे निराश्रित 74 मरीजों की तक सेवा कर चुकी है जो कि अस्पताल में अनजान के रूप में भर्ती होते हैं, सड़क एक्सीडेंट से आते हैं या कई बार लावारिस, पागलपन की हालत में अस्पताल में आते हैं। संचालिका श्रीमती चंद्रकला यादव ने टीम का आभार जताया। इस अस्पताल मित्र टीम में डॉ. श्रुति चारण, हुक्मीचंद, सीमा चौधरी, पूजा सैनी डॉ. भावेश, पंकज जैन, दिव्यांशु एवं शंकरलाल शामिल थे।

मंदिरों में विशेष साज-सज्जा

उदयपुर, (कासं)। देवस्थान विभाग की ओर से पंच दिवसीय दीपावली पर्व के अवसर पर विशेष आयोजन करवाए जा रहे हैं। विभाग के अधीन आत्म-निर्भर और प्रत्यक्ष प्रभार श्रेणी के सभी मंदिरों में विशेष पूजा एवं साज-सज्जा की जाएगी।देवस्थान विभाग की सहायक आयुक्त श्रीमती दीपिका मेघवाल ने बताया कि विभाग द्वारा पांच दिन तक उदयपुर जिले के ऋषभदेव मंदिर सहित डूंगरपुर जिले के कुल 31 और बांसवाड़ा जिले के कुल 63 विभागीय मंदिरों पर विशेष विद्युत सजावट, फूल बंगला, रंगोली तथा मिट्टी के दीयों का प्रकाश किया जाएगा। साथ ही इन दिनों में प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया जाएगा।

1 नवम्बर का सार्वजनिक अवकाश

उदयपुर, (कासं)। दीपावली पर्व के मद्देनजर राज्य सरकार ने आगामी 1 नवम्बर को अवकाश घोषित कर दिया है। जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल ने बताया कि सामान्य प्रशासन (ग्रुप-6) विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार दीपावली महापर्व के उपलक्ष्य में संपूर्ण राज्य में 1 नवम्बर को सार्वजनिक अवकाश रहेगा।

चना फसल की बुवाई प्रारम्भ

डूंगरपुर, (निसं)। जिले के समस्त कृषकों अवगत कराया गया है कि वर्तमान में जिले में चना फसल की बुवाई प्रारम्भ हो चुकी है। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक परेश पण्ड्या ने बताया।

स्वच्छता का संदेश दिया

राजसमंद,(निसं)। ये दिवाली माय भारत वाली कार्यक्रम के अंतर्गत माय भारत स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय सेवा योजना, नेहरू युवा केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में शहर के सब्जी मंडी, बस स्टैंड बाजार के सामने श्रमदान कर व्यापारियों व आमजन को स्वच्छता का संदेश दिया। प्रभारी राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ विभा शर्मा ने बताया कि यह दीवाली माय भारत वाली कार्यक्रम के अंतर्गत माय भारत स्वयंसेवकों द्वारा दीपावली के त्योहार पर बाजारों में भी सफाई रहे, आम लोग एकल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करे इस उद्देश्य को लेकर युवा स्वयं सेवकों ने एकल यूज प्लास्टिक एकत्रित कर जन जागरुकता का संदेश दिया।

विद्यापीठ में धनवंतरी पूजन व दीपावली महोत्सव का आयोजन

उदयपुर, (कासं)। जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय में दीपोत्सव के पावन अवसर पर आयोजित विशेष धनवंतरी पूजन और दिवाली महोत्सव विश्वविद्यालय के संघटक लॉ कॉलेज, श्रमजीवी कॉलेज और मुख्यालय में विधिपूर्वक मनाया गया।

इस अनुष्ठान में विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत के सान्निध्य में मां लक्ष्मी और आरोग्य के देव धन्वन्तरि की पूजा-अर्चना की गई। पूजा के साथ विद्यापीठ की निरंतर उन्नति, प्रगति और समस्त कर्मचारियों के स्वास्थ्य एवं समृद्धि की कामना की गई। पूजन कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण और पारंपरिक विधियों से हुई। विश्वविद्यालय के कुल प्रमुख भंवरलाल गुर्जर, कुलसचिव डॉ. तरुण श्रीमाली, पीठ स्थविर डॉ.कौशल नागदा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. पारस जैन, बी.एल.श्रीमाली सहित श्रमजीवी कॉलेज के प्रो. मलय पानेरी, डॉ. एस.बी. नागर, डॉ. हेमेन्द्र चौधरी, डॉ. धर्मेंद्र राजोरा, बी.एल. सोनी, और लॉ कॉलेज की डॉ.कला मुनेत सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति इस पावन अवसर पर उपस्थित रहे। मुख्य पूजन समारोह आचार्य पंडित परमेश्वर चौबीसा के आचार्यत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से न केवल विद्यार्थियों में आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना का विकास होता है, बल्कि यह विश्वविद्यालय की प्रगति और सामाजिक समरसता को भी प्रोत्साहित करता है।

उन्होंने विद्यापीठ के सभी सदस्यों को इस अवसर पर शुभकामनाएं दीं और एकजुट होकर विद्यापीठ की प्रगति में सहयोग देने का आव्हान किया।

आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयारियों की समीक्षा की

डूंगरपुर, (निसं)। जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने दीपावली पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से मनाने के लिए आवश्यक तैयारियों की समीक्षा करने के लिए बुधवार को विभागीय अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की।

जिला कलक्टर सिंह ने त्योहारों के मद्देनजर आवश्यक सेवाओं से जुडे सभी विभागों में कार्य का बोझ बढने की संभावना को देखते हुए कर्मचारियों की तैनाती पर चर्चा की। उन्होंने जिले में किसी भी प्रकार की आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारी रखने के निर्देश दिए। शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने, अग्निशमक वाहनों तथा अस्पतालों में चिकित्सा व एंबुलेंस सेवा को अलर्ट रखने तथा अतिरिक्त बेड आरक्षित रखने के निर्देश दिए।

दीपावली के दौरान शहर में यातायात की व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए यातायात पुलिस और नगरपालिका के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए नगरपरिषद और स्वास्थ्य विभाग को पूरी तरह से तैयार रहने के निर्देश दिए। बिजली विभाग को दीपावली के दौरान बिजली आपूर्ति निर्बाध रूप सुनिश्चित करने और तकनीकी खराबी पर तुरंत दुरुस्त करवाने के निर्देश दिए।

भाईदूज का मेला 2 नवम्बर को

डूंगरपुर, (निसं)। 2 नवम्बर शनिवार को भगवान मुरलागणेश मंदिर पर भाईदूज का विशाल मेला आयोजित होगा। मेले में नगर एवं आस-पास के गांवों के हजारों नर-नारी भगवान मुरलागणेश का आशीर्वाद प्राप्त करने एवं मेले का आनंद उठाने का आव्हान किया है। मण्डल के सचिव ने बताया कि शनिवार को प्रातःसे भगवान का अभिषेक, श्रृंगार एवं चॉदी की बडी आंगीधारण कराई जायेंगी। दर्शनार्थियों की भीड आराध्यदेव के दर्शन प्राप्त करने एवं दीपावली एवं नव वर्ष मंगलमई होने तथा हर मनोकामना प्राप्त करने का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

दीपावली एवं नव वर्ष की शुभकामनाएं
जय गुरूदेव इंटरप्राइजेज
बी क्लास कान्ट्रेक्टर पीडब्ल्यूडी
वीरांगना टॉकिज के सामने, बांसवाड़ा
9414101344, 9414102344, 02962-242944, 240344
संबंधित फर्म
त्रिवेदी एण्ड कंपनी, बांसवाड़ा क्वारी वर्क्स, त्रिवेदी मटेरियल सप्लायर्स, क्रेशर गिट्टी के निर्माता एवं विक्रेता

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग द्वारा प्रमाणित
ग्रामोद्योग समिति बांसवाड़ा
प्रधान कार्यालय:खादी आश्रम, रातीतलाई, बांसवाड़ा
फोन : 02962 (ऑ) 243518 (मंत्री नि.) मो. 9461574190
खादी उत्पादन केन्द्र, बागीदौरा, बांसवाड़ा | हमारे मुख्य उत्पादन केन्द्र | लुहारी उद्योग केन्द्र, रातीतलाई, बांसवाड़ा
बिक्री केन्द्र
■ खादी भण्डार, पुरानी सब्जी मण्डी, बांसवाड़ा ■ खादी मंदिर, रातीतलाई, बांसवाड़ा ■ खादी निकेतन बागीदौरा, बांसवाड़ा ■ खादी ग्रामोद्योग भण्डार, घाटोल बांसवाडा ■केन्द्रीय खादी ग्रामोद्योग वस्त्रागार रातीतलाई, बांसवाड़ा ■ लुहारी उद्योग रातीतलाई, बांसवाड़ा
खादी पर विशेष छूट 50 प्रतिशत
श्रीमती मृदुला अध्यक्ष | डॉ. महावीर लाल जैन उपाध्यक्ष | इच्छाशंकर शर्मा मंत्री

ALOK SANSTHAN
आलोक संस्थान
उदयपुर-राजसमंद-चित्तौड़गढ़
दीपावली पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएँ
डॉ. प्रदीप कुमावत
(निदेशक)
एवम् समस्त आलोक गुरूकुल परिवार

पांच दिवसीय दीपोत्सव के दूसरे दिन बाजार में उमड़ी भीड़

- दीपावली पर आज होगा लक्ष्मी पूजन
- श्रीनाथजी व द्वारकाधीश मंदिर में कल होगी गोवर्द्धन पूजा
- ऑटो माबाईल, ज्वैलर्स सहित हर क्षेत्र में अच्छा हुआ कारोबार

राजसमंद, (निसं)। बुधवार को भी दोपहर से पहले तक धन त्रयोदशी का पर्व मनाया गया। हालांकि दीपोत्सव का आगाज मंगलवार को औपचारिक रूप से किया गया। गुरूवार को दीपावली का पर्व व सोमवार को श्रीनाथजी व द्वारकाधीश मंदिर में गोवर्द्धन पूजा होगी, इसके साथ ही शहर में ग्वाल-बाल गौ क्रिडा कर गायों को रिजाएंगे। जबकि गढबोर स्थित चारभुजा मंदिर में दीपावली का पर्व शुक्रवार को मनाया जाएगा। उसके बाद शनिवार को गोवर्द्धन पूजा व खेखरा पर्व मनाया जाएगा। इससे पहले बुधवार को दोपहर बाद रूप चतुदर्शी का पर्व व धन तेरस का त्यौहार भी बुधवार को ही मनाया गया।

ज्योतिषविदों के अनुसार धनतेरस तिथि मंगलवार 29 अक्टूबर सुबह 1०:32 से शुरू होकर 3० अक्टूबर दोपहर ०1:15 मिनीट तक समाप्त हुई। ऐसे में मंगलवार और बुधवार दोनों ही दिन धनतेरस मनी। जिसके चलते जिला मुख्यालय सहित जिले भर के बाजारों में दूकानों पर ग्राहकों की भीड रही। इस बार पांच के बजाया छह दिवसीय मनाए जाने वाले दिपोत्सव के दूसरे दिन बुधवार को धनतेरस व रूप चतुदशी पर शहर सहित देहात के बाजारों में खाशी चमक रही। त्योहार को लेकर उम्मीद अनुसार कारोबार होने से बाजार व्यापारियों के चेहरों पर संतोष के भाव नजर आए। खासतौर पर ऑटोमोबाइल क्षेत्र में हुए कारोबार में व्यापारी अधिक खुश दिखे। इधर, सर्राफा, बर्तन परिधान, इलेक्ट्रोनिक का बाजार भी गर्म रहा। बाजार सूत्रों के अनुसार धन तेरस पर सबसे ज्यादा कारोबार ऑटो मोबाईल क्षेत्र में रहा। लोगों ने शुभ मुहूर्त में वाहन, बर्तन, इलेक्ट्रोनिक सामान की खरीदारी की। ऑटो मोबाइल के शॉरूम पर सुबह से ही खरीदारों की भीड रही। लोगों ने पहले से बुक कराए गए अपने वाहन का शुभ मूर्हूत अनुसार डिलीवरी ली। खरीद फरोख्त का सिलसिला दिन भर चलता रहा। कई खरीददारों ने शॉरूम के बाहर ही अपने वाहनों का मुर्हूत किया। खासकर ओटो मोबाईल्स, ज्वेलरी और इलेक्ट्रोनिक्स मार्केट में खासा उल्लास रहा।

धन तेरस पर विभिन्न किस्मों के बर्तनों के अलावा नए मोबाईल फोन की खरीदारी हुई। शहर के बर्तन बाजार, नया बाजार, पालीवाल मार्केट में स्थित बर्तनों की दूकानों से घरेलु उपयोगी बर्तन स्टील अथवा पीतल के घडे, स्टील की कोठी, जग, गिलास, परात, डिब्बे, स्टील की बाल्टी आदि खरीदे। वहीं मोबाईल के शॉरूप में मनचाहे नए मोबाईल के साथ ही इलेक्ट्रॉनिक दूकानों से फ्रीज, एसी, वाशिंग मशीन, टीवी, होम थेटर आदि खरीदे। कई इलेक्ट्रोनिक और मोबाईल की प्रतिष्ठानों पर ग्राहकों को आकर्षित करने के विशेष छुट के तहत किश्तों में भी सामान की बिक्री की गई।

दीपोत्सव के प्रथम दिवस धन त्रयोदशी के बाद रूप चौदस पर लोगों ने घर प्रतिष्ठानों में दीप प्रज्वलित करी पूजा अर्चना की। वहीं घरों के बाहर चौखट पर घेरू (लाल-पीली मिट्टी) लीप एवं रंगोली बनाकर परम्परानुसार श्रद्धा से पर्व मनाया। श्रीद्वारिकाधीश सहित अन्य मंदिरों में भी उत्सवी आयोजन प्रारंभ हो गए है। वहीं प्रभुश्री द्वारिकाधीश मंदिर का आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया। त्यौहार को लेकर घरो में भी मनमोहन मांडणे व रंगोलियों के स्टीकर से सजाए गए। शुभ मुहूर्त में महालक्ष्मी, भगवान धनवन्तरि एवं कुबेर की विशेष पूजा अर्चना की और विविध पकवानों के भोग धराए गए।

शहर के राजनगर से लेकर विवेकानंद चौराहे तक तथा जलचक्की से लेकर टीवीएस चौराहे स्थित विभिन्न बाजरों में मिठाई के विशेष काउंटर लगाए गए। जिसमें ड्राईफुड, काजू से निर्मित मिठाइयों सहित सोहन पपडी, मोहनथाल, रस मलाई, गुलाब जामुन, रसगुल्ले, मक्खन बडे सहित विभिन्न किश्मों की मिठाई को सजाया गया।

जिला मुख्यालय स्थित ओटोमोबाइल्स शोरूमों पर सुबह से ही भीड लगने लगी। लोगों ने पूर्व में बुक बराए मनचाहे वाहनों को शुभ मुहूर्त के अनुसार डिलीवरी ली। दोपहर बाद सर्राफा, ऑटोमोबाइल पर भीड बढने लगी, जो देर शाम तक जारी रही। अनेक शोरूमों के बाहर तो नए वाहनों की कई कतारें लगाई गई। ग्राहकों की भीड के चलते बाजार में जाम सी स्थिति रहीं।

31 अक्टूबर को अमावस्या होने से इसी दिन दीपावली मनाई जाएगी। जिसके चलते जिलभरे में भी यह त्योहार धूमधाम से मनाया जायेगा। आचार्य अर्जुनकृष्ण पालीवाल ने बताया कि दीपावली और लक्ष्मी पूजन मुहूर्त कार्तिक कृष्ण पक्ष अमावस्या गुरूवार को होने से इसी दिन दीपावली मनाई जाएगी। लक्ष्मी पूजन विशेष प्रदोष युक्त अमावस्या को स्थिर लग्न में किया जाना श्रेष्ठ होता है। सविता ज्योतिष संस्थान केन्द्र के आचार्या पण्डित अर्जुनकृष्ण पालीवाल के अनुसार कार्तिक कृष्ण पक्ष चतुर्दशी उपरांत अमावस्या पर गुरुवार 31 अक्टूबर को दीपावली का पर्व मनाया जाएगा। इस दिन महालक्ष्मी पूजन मुहूर्त में चौघडिया के आधार से मुहूर्त प्रातः 6:50 से 8:13 तक शुभ वेला में होगा। उसके बाद प्रातः 10:58 से 12:19 तक चल का चौघडिया रहेगा। दोपहर में 12:20से 1:42 तक लाभ का चौघडिया रहेगा। 1:43 से 3:06 तक अमृत का चौघडिया रहेगा। संध्याकालीन समय में 4:29 से 5:53 तक सुबह का चौघडिया रहेगा। इसके अलावा विशेष शुभ मुहूर्त में देखा जाए तो गुरूवार अल सुबह ब्रह्म मुहूर्त प्रातः प्रातः 5:15 से 6:53 तक इसके साथ ही अभिजीत वेला दोपहर के समय में 12:00 बजे से 12:42 तक रहेगा। संध्या गोधूलिक एवं प्रदोष वेला 5:०6 से 8:16 तक रहेगी। पण्डित अर्जुनकृष्ण पालीवाल ने बताया कि ज्योतिषशास्त्र के अनुसार लोगों को लग्न के आधार से मुहूर्त में दीपावली पर लक्ष्मी पूजन किया जाना चाहिए। तुला लग्न प्रातः 5:43 से 8:04 तक, धनु लग्न प्रातः 10:21 से 12:24 तक। मकर लग्न में दोपहर 12:20से 2:02 तक, मीन लग्न दोपहर 2:10 से 3:42 तक, मेष लग्न संध्या समय में 5:06 से 6:44 तक

मिथुन लग्न रात्रि 8:4० से 10:55 तक। कर्क लग्न के आधार से रात्रि 10:53 से 11:25 तक। सबसे खास मुहूर्त स्थिर लग्नो के आधार से दीपावली का शुभ मुहूर्त वार्षिक लगन प्रातः 8:04 से 10:21 तक, कुंभ लग्न दोपहर 2:०4 से 3:29 तक, वृषभ लग्न सूर्यास्त के बाद 6:44 से 8:40 तक रहेगा। सिंह लग्न मध्य रात्रि 1:12 से 3:27 तक रहेगा।

दीपावली पर्व आज

डूंगरपुर, (निसं)। रोशनी और खुशियों का पर्व दिवाली गुरूवार को जिले भर में हर्षोल्लास से मनाई जायेगी। बुधवार को सुबह से लेकर देर शाम तक बाजारों में खरीदारों की भीड जुटी रही। बुधवार को लोगों ने दीवाली की सजावट का सामान खरीदा। घरों को रंग-बिरंगी झालरों से सजाया है। रविवार को दीपोत्सव के शुभ मुहूर्त पर भगवान गणेश-लक्ष्मी माता की पूजा होगी। खुशियों की रोशनी से हर घर और आंगन जगमगाएगा। दीपावली को खास और परंपरागत तरीके से मनाने के लिए चारों ओर जश्न का माहौल है। इसके साथ ही किसानों ने पशुओं को सजाने के लिए भी कई सामान खरीदें। वही महिलाओं ने घरेलू सामान खरीदा। इस दिन हर घर-परिवार दुकान और प्रतिष्ठान में लक्ष्मीजी के पूजन से उनका स्वागत किया जाता है। दीपावली को लेकर लोगों में उल्लास है। शहर के गली और मोहल्ले रंग-बिरंगी झालरों से सजे नजर आ रहे हैं। शाम होते ही घर और प्रतिष्ठान छोटी दिवाली के अवसर पर रंग-बिरंगी झालरों से जगमगा उठे। दीप भी जलाए गए। हर सेक्टर में जमकर हुई डूंगरपुर शहर की गेपसागर की पाल पर ग्रामीण क्षेत्र से खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं। बुधवार को भी विभिन्न राज्यो में आजीविका के लिए गये इस जनजाति क्षेत्र के लोगों का आना जारी रहा। जिसके चलते बाजारों में विभिन्न प्रतिष्ठानों पर खासी भीड नजर आई बुधवार शाम को ही अन्य जिलों के सरकारी कर्मचारी अपने घरों की तरफ रूख कर गये। जिस कारण दिन भर दीपावली की शुभकामनाओं का दौर भी जारी रहा। दिवाली आणे पर जाने वालों की भी दिन भर रेलमपेल चलती रही। शहर के सर्राफा बाजार, घुमटा बाजार, सोनिया चौक, हॉस्पीटल चौराहा,धनलक्ष्मी मार्केट, सुपर मार्केट, गेपसागर की पाल, न्यू मार्केट, महाराजा मार्केट, तहसील चौराहा, शास्त्री कॉलोनी मार्ग को आदि को आकर्षक रूप से सजाया गया। साथ ही दिन भी खरीददारों की भीड रही।

अल्ट्राटेक सीमेंट
इंजीनियर की पसंद
देश का नं.1 सीमेंट
ADITYA BIRLA CEMENT
मौका है साथ आने का
घर .खुशियों से
जगमगाने का
शुभ दीपावली
'अल्ट्राटेक, देश का नं.1 सीमेंट' - वरीयता के विवरण के लिए ultratechcement.com पर विजिट करें.
अल्ट्राटेक सीमेन्ट लिमिटेड (यूनिट-आदित्य सीमेंट वर्क्स)
पोस्ट-आदित्यपुरम, शंभूपुरा, जिला-चित्तौड़गढ़-312633, राजस्थान